पत्रांक : 04/NULM-85/2016 1371 /न० वि० एवं आ० वि०

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक :–

विशेष सचिव ,
नगर विकास एवं आवास विभाग |

सेवा में,

नगर कार्यपालक पदाधिकारी , नगर परिषद ,
हिलसा |

पटना, दिनांक 13/6/17

विषय :– दीनदयाल अन्त्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) योजना में अपेक्षित प्रगति लाने के सम्बन्ध में |

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है की SMMU कर्मी द्वारा नगर निकायों में भ्रमण कर DAY-NULM योजना का निरिक्षण कर योजना की प्रगति का समीक्षा प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है, जिसमे निम्न विन्दुओं पर ध्यान देते हुए आवश्यक करवाई की जानी अपेक्षित है |

- SM&ID घटक के तहत स्वयं सहायता समूह का गठन एवं उनके बैंक में खाता खोलने की प्रक्रिया में तेजी लायी जाय |
- SUH घटक के अधीन पूर्व से संचालित आश्रय स्थल में मुलभुत सुविधाओं (यथा: बिस्तर, पंखे , पीने का पानी, इत्यादि) की व्यवस्था कर सुचारू रूप से संचालन किया जाय और आम-जन के बीच इसका प्रचार –प्रसार किया जाय |
- SUSV घटक के अंतर्गत Town Vending Committee की बैठक का नियमित आयोजन कर सर्वेक्षित फुटपाथ बिक्रेताओं की सूचि को अनुमोदित करते हुए विभाग को सूचि उपलब्ध करायी जाय साथ ही वेंडिंग जोंन के विकसित करने हेतु प्रस्ताव भेजा जाय |
- SEP घटक के तहत नगर निकाय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा आवेदनों को मोबिलाईज़ किया जाय एवं टास्क फ़ोर्स की गठन कर बैठक के माध्यम से बैंकों को प्रेषित किया जाय |

अत: अनुरोध है कि उपर्युक्त वर्णित बिन्दुओं का अनुपालन कर 10 दिनों के अंदर अनुपालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे |

विश्वासभाजन
12/6/17
विशेष सचिव ,
नगर विकास एवं आवास विभाग

manoj4